ब्राह्मी सिक्के कैसे पढें

How to Study the Brahmi Coins

ब्राह्मी टीचर

Brahmi Teacher

By : Pradip Dattuji Wankar

ब्राह्मी सिक्के कैसे पढें

How to Study the Brahmi Coins

Issued on the occassion of the
92nd Annual Conference of the Numismatic Society of India,
In Indore

ब्राह्मी टीचर

Brahmi Teacher



By : Pradip Dattuji Wankar

Chandrapur Coin Society

ब्राह्मी सिक्के कैसे पढें

How to Study the Brahmi Coins

ब्राह्मी टीचर



Brahmi Teacher

By : Pradip Dattuji Wankar

1st Edition 2008

Published By : Chandrapur Coin Society, Chandrapur

Printed At : United Printing Press, Chandrapur (I

Distributer : Heritage Coin World,
Jatpura Gate, Ward No. -1
Chandrapur (M.S.)
Mo. 09226129574

All Rights Reserved.
No. part of this publication may be reproduced in any form
any means, including photocopying (Xerox), without the e
permission of the author.

आदरणीय गुरुवर्य
श्री. आर. एम. सकलेचा
तथा
श्रीमती चंदादेवी आर. सकलेचा
को
सादर समर्पित

Dedicated to
My Guru Shri. R. M. Saklecha and
Smt. Chandadevi R. Saklecha

Pradip Duttuji Wankar

Contents

1. Foreword
2. Preface
3. Thanks
4. Indian History - A Curtain Raiser
5. Brahmi-the Oldest Script of India
6. Alphabets
7. Use of Strokes (Matras) in Brahmi
8. Use of Conjunction in Brahmi Script
9. Brahmi Barakhadi
10. Brahmi Lipi
    Maurya , Post Maurya, Kushana,
    Satavahana, Kshatrapas & Gupta
11. Gupta Gold Coins Legunt
12. Western Kshatrapas coins Language (Brahmi)
13. Name of the Kshatrapas Kings & Title Common Words
14. Ancient Indian Numerals Type
15. Ancient Numerals Chart
16. Hieroglyphic & Semitic Ancient Indian Numerals Chart
17. Ancient Numerals
18. Annexure 1
19. Annexure 2
20. Exercise
21. Further Reading

Contents

प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति आणि पुरातत्त्व विभाग

राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपूर विद्यापीठ

(सेंट्रल प्रोव्हिंसेस शासन, शिक्षण विभागाची अधिसूचना क्रमांक ५१३ विनांक १ ऑगस्ट, १९२३ द्वारा स्थापित व महाराष्ट्र विद्यापीठ अधिनियम, १९९४ द्वारा संचालित राज्य विद्यापीठ)

प्रस्तावना

श्री प्रदीप दत्तुजी वनकर द्वारा लिखित ब्राह्मी टिचर की प्रस्तावना लिखते हुए मुझे अत्यंत आनंद का अनुभव हो रहा है। वह प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति के अध्ययन में रुची रखते हैं, यद्यपि उनकी विशेष रुची प्राचीन सिक्कों में अधिक है । वह चंद्रपुर मुद्रा परिषद के सह सचिव तथा इंटॅक चॅप्टर चंद्रपुर के आजीवन सदस्य हैं। 'Regular Commemorative Coins of Republic India' शीर्षक से उनकी पहली पुस्तक प्रकाशित हो चुकी है। जिसका सिक्कों के संग्राहकों द्वारा अच्छा स्वागत हुआ है। केवल राजाओं से संबध्द इतिहास के लिए नही, वरन् शासन पध्दति के इतिहास का ज्ञान प्राप्त करने के लिये भी मुद्राशास्त्र तथा प्राचीन लिपीयों का ज्ञान जरुरी है। हमारे देश में जहां प्राचीन काल का लिखा हुआ इतिहास नहीं मिलता उनके लिये वहाँ के प्राचीन सिक्के भी बहुत ही महत्वपूर्ण और काम के हैं। जो बातें शिलालेखों आदि में नहीं मिलती, उनकी बहुत कुछ पूर्ती सिक्के कर देते हैं। मुद्राशास्त्र का महत्व विविध दृष्टियों से स्वयं सिध्द है, किंतु उसके अध्ययन के लिये सामग्री प्राय: सुलभ नहीं है। नए इतिहास प्रेमी लोग मुद्राशास्त्र जैसे दुर्गम क्षेत्र में प्रवेश कर सकें तथा सिक्कों के संग्रहकर्ताओं का उनपर लिखे लेख पढने में सहायक सिध्द हो इसी उददेश्य की पूर्ती के लिए प्रस्तुत पुस्तक की रचना हुई है। आशा है कि इस ग्रंथ से विव्दत जगत को न अमित संतोष होगा अपितु उन्हें अनुशीलन की दिशा में आगे बढने की प्रचुर प्रेरणा भी मिलेगी।

विनिमय के काम को सरल बनाने के लिए विनिमय का स्थायी समाधान निकाला गया। विनिमय के इसी साधन अथवा उपकरण का नाम मुद्रा या सिक्का है। यद्यपि सिक्के छोटे होते है और उनपर बहुत ही छोटे-छोटे लेख लिखे रहते हैं, जो बडे

महत्व के होते है। जिसे पढना बहुत ही कठिन कार्य है। जिसके लिये प्राचीन लिपीयों और भाषाओं का ज्ञान होना आवश्यक है। प्राचीन सिक्कों तथा लिपीयों पर अंग्रेजी-हिंदी में कई किताबें लिखी गई. लेकिन अभी तक सिक्कों पर लिखे लेख कैसे पढे जाए इस ओर विद्वानों का ध्यान पर्याप्त मात्रा में नही गया था। हिंदी भाषा में मुद्राशास्त्र पर प्रकाशित होनेवाली यह पहली पुस्तक है। जो इस विषय की त्रुटि के एक अंश की पूर्ती करती है। लेखक इस दृष्टि से निश्चित ही बधाई के पात्र है।

प्राचीन भारत के इतिहास लेखन में सिक्कों या मुद्राओं का एक स्त्रोत के रुप में कितना अधिक योगदान है यह सर्वविदित है। कई राजाओं के नाम तो सिक्कों के कारण ही ज्ञात हुए हैं। उनके सिक्के अगर प्राप्त नहीं होते तो हम उनके नाम तक नहीं जान पाते। यह एक ऐसा अध्ययन क्षेत्र है जिसमे विरले ही रुची रखते है। उनमें अधिकांश ऐसे भी हैं जिनकी यह हॉबी है, ऐसे लोगों के ज्ञान संवर्धन में यह पुस्तक बहुत अधिक सहायक सिध्द होगी। साथ ही जानकारों के लिए शोध की दिशा में मार्ग भी प्रशस्त करेगी।

लेखक ने प्रस्तुत पुस्तक में विवादित मुद्दों को न छेडते हुए सिक्कों पर अंकित ब्राह्मी लिपी के लेख पढने की तरफ विशेष ध्यान दिया है। भारतीय इतिहास के प्रत्येक काल के भिन्न-भिन्न राजवंशो के सिक्कों पर अंकित अभिलेखों का विस्तृत विवरण इसमे दिया गया है। भारतवर्ष के विभिन्न युगों और स्वतंत्र राजवंशों के सिक्कों के लेखों की अलग-अलग तालिकाएँ दी हैं। भिन्न-भिन्न राजवंशो के काल में ब्राह्मी लिपी तथा अंको में जो बदलाव आये उसका प्रतिबिंब उनके सिक्कों पर भी देखने को मिलता है। लेखक ने बखूबी उसे अनेक चार्ट तथा परिशिष्ट के रुप में प्रस्तुत किया है। जो अद्वितीय है। मुझे विश्वास है कि प्राचीन सिक्कों के संग्रहकर्ता इससे निश्चित ही लाभान्वित होंगे। इस पुस्तक का प्राचीन लिपीयों के अध्ययनकर्ता, भाषा प्रेमी, शोधकर्ता समुचित स्वागत कर प्रदीप वनकर जैसे मीतभाषी में छिपे एक होनहार, प्रतिभा संपन्न संशोधक का उत्साह वर्धनकरेंगे।

दिनांक : ३/९/२००८

डॉ. प्रदीप मेश्राम
प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष
प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृती व पुरातत्व विभाग,
राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपूर विद्यापीठ,
नागपूर.

Deptt. of A.I.H.C. & Archasology
Rashtrasnt Tukadoji Maharaj
Nagpur University, Nagpur.

Foreword

I am feeling extremely joyous writing the foreword of the 'Brahmi Teacher' of Shri Pradip Dattuji Wankar. He is interested in the study of Ancient Indian History and Culture though he is more interested in the ancient coins. He is Jt-Secretary of 'Chandrapur Coin Society' and life member of INTAC chapter, Chandrapur. His first book published earlier "Regular Commemorative Coins of Republic India" was widely acclaimed by the coin collectors. The knowledge of numismatics and the ancient scripts is must, not only for the history of various rulers but also for the history of Administrative system during the period. In the countries like ours, where the wrinten history is not available for ancient period, the ancient coins are valuable and of great importance to us as they fill up the gaps in the information derived from in scriptions. The importance of Numismatics is self explanatory on various accounts but the materials for their study are scarce. The aim of this book is to help the new generation interested in the history of numismatics and to help coin collectors to derive information from the coins. I hope that this present work will not only satisfy the scholars but it will also inspire them to move ahead in their quest for more knowledge.

To make the exchange process simple, a permanent solution was found out and this source or instrument of exchange was coins. Though the coins are smaller in size and information are very short, they are of great importance, but at the same time extremely difficult to read and understand and here one requires the knowledge of ancient scripts and languages. Many books in

english and hindi have been published on ancient coins and scripts but very few tried their hands in writing a book on how to read scripts. This is the first book in hindi on numismatics which fulfills a part of this field and the author rightly deserves compliments on this accout.

The importance of ancient coins and currencies in writing the history of ancient India is well know The name of many rulers came to light from the coins only and if these were not found their names would not have been known to us. This is one field of study in which very rarely one enters and for most of them it is only a hobby and for these people this book will serve as a knowledge bank and will sure show a new path to the research scholars.

The auther has avoided the controvercial issues and has concentrated into reading the inscribed matter of the ancient coins writen using Brahmi Script.

This book provides valuable information on different periods of Indian history through the coins of different dynastic rules where inscribed matter on coins are sources of great information. Seperate tables have been given for information on coins of independent rulers of different periods. The changes that took place in Brahmi Script and numerals during different dynastic rules are very clear from the coins and the author has put them nicely in the form of charts and annexure which are beyond comparison. I am sure that the collectors of ancient coins will be greatly benefitted by this work. The scholars, researchers, linguist will surely welcome this work and they will encourage this talented, prospering researcher, Shri Pradip Wankar

Dr. Shri Pradip Meshram
Reader & Head
Deptt. of A.I.H.C. & Archaeology
Rashtrasant Tukadoji Maharaj
Nagpur University,
Nagpur

लेखक के विचार

कॉलेज में अध्ययन के समय मुझे ब्राह्मी भाषा की एक किताब पढने का अवसर मिला जिसका शीर्षक ब्रह्मदत्त अगडदत्त य: था। यह किताब गद्य और पद्य दोनों में लिखी गई थी और साथ में उसका हिन्दी अनुवाद भी था। इस किताब को पढने के पश्चात मेरे मन में ब्राह्मी लिपि का अध्ययन करने की तीव्र इच्छा उत्पन्न हुई और मैने बहुत प्रयास किया कि कोई मुझे पढाये परंतु मै जिनके भी पास गया उन्होने कोई न कोई बहाना बनाकर टाल दिया। इससे मेरी इच्छा और तीव्र हो गई इसी बीच मैंने प्राचीन सिक्कों को संग्रहित करने का कार्य आरंभ किया जिसके दौरान मुझे प्राचीन भारत के इतिहास और संस्कृति को करीब से जानने की लालसा उत्पन्न हुई।

प्राचीन भारत के इतिहास और संस्कृति को सही रुप में जानने के लिए ब्राह्मी और खरोष्ठी लिपि का ज्ञान अत्यावश्यक है। ३ री ४ थी शताब्दी ई पू. से लेकर ई.स. १५ वी शताब्दी तक इसका अत्यधिक प्रयोग हुआ। समय के साथ-साथ इस लिपि में काफी बदलाव आए। इससे संबंधित जो भी किताबें मुझे मिली, मैंने उनका अध्ययन किया। इसी बीच मुझे नासिक जिले के अंजनेरी स्थित इंडियन इंस्टीट्युट ऑफ रिसर्च इन न्युमिस्मेटिक स्टडीज़ में प्राचीन भाषाओं का अध्ययन करने का सुअवसर प्राप्त हुआ। यहाँ डा. अमितेश्वरी झा और रेहान अहमद सर के कुशल मार्गदर्शन में मैने ब्राह्मी लिपि का विशेष अध्ययन किया और उसी समय से मेरे मन में ब्राह्मी लिपि के बारे में ऐसी किताब लिखने की इच्छा हुई जिस की सहायता से लोग आसानी से घर बैठे ही ब्राह्मी लिपि का ज्ञान अर्जित कर सकें। कुछ ही समय पश्चात मुझे अखिल भारतीय ऐतिहासिक पुरातत्वीय बुद्धिस्ट अनुसंधान केन्द्र, मनसर जि. नागपुर के डॉ. प्रदीप शालिकराम मेश्राम और प्रो. धीरज चौधरी द्वारा रचित आओ ब्राह्मी लिपि सीखें नामक पुस्तक पढने को मिली । इस पुस्तक में शिलालेखों, गुहालेखों को पढने, उनके प्रिंट लेने आदि के बारे में उपयोगी जानकारी प्राप्त हुई, इसी से मुझे ब्राह्मी लिपि में लिखे लेख वाले प्राचीन सिक्कों पर ब्राह्मी भाषा में एक किताब लिखने का विचार आया और मैंने यह विचार मेरे गुरु आदरणीय श्री आर. एम. सकलेचा एवं अग्रज तुल्य श्री अशोक सिंह ठाकुर जी को बताई। वे हर्षित हुए और मेरा उत्साह वर्धन करते हुए इस कार्य हेतु हर प्रकार की सहायता का आश्वासन दिया। उनकें स्नेह और प्रोत्साहन के परिणाम स्वरुप ही यह किताब आकार ले सकी।

मुझे पुर्ण विश्वास है कि प्राचीन सिक्कों के संग्रहकर्ताओं, ब्राह्मी भाषा के अध्ययन की ईच्छा रखने वालों एवं भारत के सांस्कृतिक इतिहास में रुचि रखने वालों के लिए यह पुस्तक मील का पत्थर साबित होगी।

मैंने इस किताब की रचना में सर्वसम्मत मतों को ही आधार बनाया है। इस लिपि में समय-समय पर आए बदलाव और इसके विकास क्रम को सरलता से समझाने के लिए किताब के। अंत में काल क्रमानुसार तैयार किए गए चार्ट आदि प्रस्तुत किए हैं ताकि अध्ययनकर्ताओं को सहज ज्ञान प्राप्त हो सके।

इस पुस्तक में पूर्ण सावधानी के उपरांत भी कुछ त्रुटियाँ रह जाना स्वाभाविक है। विद्वान जनों से नम्र निवेदन ह कि वे उसकी जानकारी देने की कृपा करें ताकि आगामी संस्करणों में सुधार किया जा सके।

मुझे आशा है कि मेरे इस छोटे से प्रयास का, इस क्षेत्र में कार्यरत विद्वान यथोचित स्वागत करेंगे।

भारतीय इतिहास एवं संस्कृति का अध्ययन करने वालों को इस पुष्प से थोडी सी भी सहायता मिली तो मेरा परिश्रम सार्थक हुआ ऐसा समझूँगा।

विनम्र
प्रदीप दत्तुजी वनकर

PREFACE

During my college days I came accross a book in brahmi titled 'Brahmadutta Agadattya' This book in Brahmi was written both in prose and poetry and was also translated in hindi. After reading the book, there arose a great desire in me to learn about brahmi script. I tried to get some one to teach me but all refused citing one or the other reason. My interest grew even stronger and in the meantime I started collecting coins of ancient period and got interested to acquire indepth knowledge of ancient Indian history and culture.

It is essential to have complete knowledge of Brahmi and kharoshti scripts to understand the ancient indian history and culture in the right prospect. It was widely used between the period 3rd & 4th century B.C. and upto 15the century A.D. Many changes occurred in the script during this long period. I went through all the available literature on the subject though they were very few in number. At this juncture, luckily, I got a chance to study ancient Indian language at Indian Institute of Research in Numismatic Studies, Anjaneri, Dist Nashik. Here, under the able guidance of Dr. Amiteshwari Jha and Rehan Ahmed Sir I made a special study to learn Brahmi script. That time only I decied to bring out a book, in simple language, to help people to learn Brahmi script. sitting at home. After some time I came accross a book 'Let us learn Brahmi Script' written by Dr. Pradip Shalikram Meshram and prof. Dhiraj Chaudhari of 'All India Historical Archaeological Buddhist Research Institute, Mansar, Dist. Nagpur. This book provided a valuable knowledge about reading Inscriptions, cave Inscriptions and taking their prints. This inspired me to publish a book on coins of that period in Brahmi and I shared this thought with my Guru Respected Shri R.M. Saklecha and elder brother like Shri Ashok singh Thakur, both were very pleased and encouraged me to go ahead and assured their full cooperation for the same. And it was due to their encouragement and affection that I could complete this book.

I have full confidence that this book will prove to be a mile stone for coin collectors, those interested in learning Brahmi script and also for those who want to study ancient Indian history and culture.

I have avoided controvercies and have utilized only widely accepted views in my work.

To help the readers to understand the changes that took place during the different developmental stages easily, I have given some charts with specific period of use.

Due care has been taken to avoid any mistake but possiblity of few can not be denied. And I request all the scholars to convey me the same so that they are corrected in the future editions.

I hope that this small effort on my part will be welcomed by the scholars in the field.

My work will be rewarded if it proves to be even of small help to all those studying ancient Indian history and culture.

Pradeep Dattuji Wankar

आभार

इस पुस्तक की रचना में अनेक ग्रंथों की सहायता ली गई है और मैं उन सभी लेखकों का हृदय से आभारी हूँ। ब्राह्मी लिपि का मुझे ज्ञान कराने वाले आय. आय. आर. एन. एस. अंजनेरी, जिला-नासिक के डा. अमितेश्वरी झा एवं श्री रेहान अहमद जी का भी आभारी हूँ जिनके प्रोत्साहन से यह पुस्तक साकार हो सकी व गुरु श्री आर.एम. सकलेचा, बडे भ्राता अशोक सिंह ठाकुर एवं डॉ. प्रदीप मेश्राम के प्रति भी मैं आभार प्रगट करता हूँ।

इस पुस्तक की साज-सज्जा करने वाले सभी व्यक्तियों एवं अल्पावधि में गुणवत्तायुक्त छपाई के लिए श्री विट्ठलदासजी मुरके एवं युनाईटेड प्रिंटर्स के उनके कर्मचारियों का भी हृदय से आभारी हूँ। इस पुस्तक को त्रुटिरहित बनाने तथा हिन्दी अनुवाद हेतु जिन्होंने दिन-रात एक कर के पुस्तक में जान लाई वो हमारे मित्र श्री राजेश कमाने जी का आभार न मानता मेरी कृतघ्नता होगी। मैं उनका भी हृदय से आभारी हूँ। इस पुस्तक की टायपिंग का कार्य जिन्होंने दिल लगाकर किया वे श्री मनोज जाधव जी का भी मैं आभारी हूँ । इसके अतिरिक्त, उन सभी प्रबुद्ध जनों का जिन्होंने इस परिश्रम में प्रत्यक्ष या परोक्ष रुप से सहयोग दिया है उन सबका भी तहे दिल से आभारी हूँ।

विनम्र
प्रदीप दत्तुजी वनकर

THANKS

I thank all those whose work have been consulted by me to complete this book. At this moment I pay my deep regards to Dr. Amiteshwari Jha and Shri Rehan Ahmed and I.I.R.N.S., Anjaneri, dist-Nashik I take this oppertunity to thank my Guru Shri R.M. Saklecha & elder brother Shri Ashok Singh Thakur without whose cooperation this work would not have been completed.

I also thank all those who were involved in designing work and Shri Vitthaldasji Murke and his staff at United Printing Press for Printing this book in short period. Not to acknowledge the hard work of my friend Shri Rajesh Kamane who worked day and night to translate the work in hindi and to make this book flawless will be my ingratitude. I thank him from my heart. I also thank Shri Manoj Jadhao who shouldered the responsibility of typing the book whole heartedly. Apart from this, my thanks are due to all those who have directly or indirectly helped me in completing this work.

Pradeep Dattuji Wankar

४ भारतीय इतिहास का पुर्वावलोकन

भारत एक विशाल देश है जिसे उपमहाद्वीप भी कहा जाता है। इस देश का इतिहास बहुत ही गौरवशाली रहा है। परिवर्तनशीलता समाज का मूल सिध्दांत है जिसे डार्विन ने 'उत्क्रांती का सिध्दांत' के नाम से प्रतिपादित किया। भारत जैसे विशाल राष्ट्र में अनेक राजवशों का उदय हुआ और समय समय पर अस्त होते गए। इन राजवशों का इतिहास और प्राचीन संस्कृति का यदि आपको अध्ययन करना हो तो उसके लिए पुरालेखों (Inscriptions, Epigraphs) सिक्कों (coins) का महत्व निर्विवाद रुप से स्पष्ट है। यह लेख उस काल के राज्यों की संस्कृति, अर्थ व्यवस्था एवं शासन व्यवस्था आदि पर प्रकाश डालते हैं।

इतिहास संशोधकों तथा विद्यार्थियों को यदि भारत के प्राचीन गौरवशाली इतिहास का अध्ययन करना हो तो, उन्हें भारतीय पुरालिपियों (Ancient Writing) का ज्ञान होना अत्यावश्यक है तभी वो सिक्कों पर के लेख, शिलालेख, तांब्रपट्ट, मृतिकापट्ट (Terrcotta) इत्यादि स्वयं पढ पाएंगे और उनका विस्तृत अध्ययन कर पाएंगे।

प्राचीन भारत वर्ष का इतिहास यदि जानना चाहते हैं तो भारतीय इतिहास के जो साधन हैं उन्हें पहले समझना होगा। भारत के इतिहास के साधन इस प्रकार हैं १) हस्तलिखित २) तांब्रपट्ट ३) शिलालेख ४) गुहा लेख ५) सिक्के ६) ताडपत्र आदि।

यह भारत का दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि हस्तलिखित सामग्रियाँ जिससे हमें विस्तृत जानकारी मिल सकती थी वह आज हमारे पास उपलब्ध नहीं हैं। शिलालेख, गुहालेख, सिक्के, मृतपट्टिका समुचित संख्या में प्राप्त हो रहे हैं। इन सबका अध्ययन करने के लिए पुरा लिपि शास्त्रों का ज्ञान होना अत्यावश्यक है तभी वे उनका अध्ययन कर सकेंगे।

पैलिओग्राफी (Epigraphy, Palaeography) रोचक एवं हृदय स्पर्शी विषय है। अपने पूर्वजों का इतिहास, उनके काल की संस्कृति, उनके ज्ञान आदि के बारे में जानना और उसका प्रचार करना मानव जीवन का अभिन्न अंग है।

मनुष्य ने लिखने की कला का आविष्कार करके मानव के विकास के मार्ग को प्रशस्त किया।

सिंधु सभ्यता की लिपि प्रकाश में आने के पूर्व इतिहासकार मौर्यकाल के अभिलेखों तक आकर रुक जाते थे। सिंधु लिपि सन १९२१ में प्रकाश में आई। मोहन जोदड़ो और हड़प्पा के उत्खनन से यह सिध्द हो गया कि ई.सा. पूर्व ४००० वर्ष पहले

भारत में लिपि शास्त्र था और सिंधु लिपि को भारत की प्राचीनतम लिपि भी कहा जा सकता है। सिंधु घाटी के उत्खनन में उस संस्कृति के जो उत्कीर्ण लेख मिले हैं उन्हें पूरी तरह से पढने में किसी भी विद्वान को अब तक सफलता नहीं मिल पाई है।

भारत में प्राचीन काल से ही लेखन कला का ज्ञान था यह तो उत्खनन से प्राप्त शिलालेखों, तांब्रपट्ट और सिक्कों पर उत्कीर्ण लेखों से निर्विवाद रुप से सिध्द हो गया है किन्तु पूर्व में इतिहासकार इसकी लिपि के बारे में एक मत नही थे बाद में सर्वसम्मति से उस लिपि को ब्राह्मी लिपि माना गया। इस लिपि का प्रत्येक अक्षर एक ही ध्वनि का उच्चारण करता है जो समझने में सरल और पूर्ण रुप से वैज्ञानिक लिपि है।

इस विशाल देश में भिन्न-भिन्न लेखकों और इतिहासकारों ने भिन्न-भिन्न मार्ग अपनाए जिसके परिणामस्वरुप ब्राह्मी लिपि से अनेक प्रादेशिक भाषाओं का उदय हुआ जिन्हें पढ पाना कालांतर में दुष्कर कार्य सिध्द हुआ। बड़े से बड़े विद्वान भी ७ वी और ८ वी शताब्दी तक की पांडुलिपियाँ ही पढ पाते थे। इसके पूर्व काल की लिपि पढ पाना उनके लिए असंभव था। फिरोजशाह तुगलक ने जब मेरठ और टोपारा के अशोक स्तंभों को दिल्ली मँगवाकर उन्हें पढने के लिए विद्वानों की सभा में रखवाया तो कोई भी विद्वान उन्हें पढ नहीं पाया। मुगल सम्राट अकबर को भी इन उत्कीर्ण लेखों का अर्थ जानने की जिज्ञासा थी परंतु उन्हें भी ऐसा कोई विद्वान नहीं मिला जो उन लेखों को पढकर उसका अर्थ समझा सके।

विलियम जोन्स के प्रयासों से जब १५ जनवरी १७८४ में एशियाटिक सोसायटी ऑफ बँगाल की नींव पडी तब लिपि विज्ञान में रुचि रखने वाले विद्वानों ने इसका भरपूर लाभ उठाया और आखिरकार एशियाटिक सोसायटी के सचिव एवं कलकत्ता टकसाल के अधिकारी श्री जेम्स प्रिंसेप ने सन १८३७ में ब्राह्मी लिपि को पढने में सफलता पाई और यह साबित किया कि अशोक के लेखों की भाषा संस्कृत नहीं वरन प्राकृत है।

भारत में जो शिलालेख मिले हैं वे ईसापूर्व ३ री शताब्दी के है और विशाल चट्टानों पर उत्कीर्ण हैं जिनकी लिपि ब्राह्मी एवं खरोष्टी है। ये लेख भारत के सभी भू-भागों में पाये गए हैं जिनसे सिध्द होता है कि लेखन कला का ज्ञान सभी क्षेत्रों में हो चुका था।

ब्राह्मी लिपि बाएँ से दायें पढी जाती थी जैसे आज देवनागरी पढी जाती है और खरोष्टी लिपि दायें से बाएँ पढी जाती थी जैसे उर्दू पढी जाती है। उस समय यही दो प्रमुख लिपियाँ थी।

4 INDIAN HISTORY - A CURTAIN RAISER

India is so large that it is also regarded as a sub continent. The history of India is very rich. Change is the basic principle of society which was proved by Darwin in his "Theory of Evolution." Many kingdoms and dynasties arose in India during different periods. The importance of Inscriptions, Epigraphs and coins is accepted by all for the study of history and culture of that period. These inscriptions and writings throw a great light over the culture, economy and administration of that period.

Those researchers and students who want to study about the rich Indian history and culture must acquire the knowledge of ancient writing, then only they will be able to read the contents of coins, inscriptions, terracotta and copper plates and make detailed study into them.

All those who want to have the knowledge of ancient Indian history should first acquaint themselves with the sources of it namely 1) Manuscripts 2) Copper plates 3) Inscriptions 4) cave Inscriptions 5) Coins and 6) Palm leaves etc.

It is a great loss to the country that manuscripts which could have been a great source of information of the contemparary period are not available with us. Inscriptions, Cave inscriptions, coins and terracottas are found in abundance. To understand them, one requires the knowledge of ancient script and writing system.

Palaeography and Epigraphy are the two very interesting branches of study in the field of history. To know the life and culture of our ancesstors and to expand it is our prime duty.

The invention of the art of writing revolutionzed the human life and opened the door to his progress.

Before coming to the light of Indins scripts, in the year 1921 A.D., the historians had knowledge upto Mauryan period only. The excavation at Mohan Jodaro and Harappa proved that the art of writing was prevalant in India in about 4000 B.C. and this script is regarded as the oldest Indian script. All the

inscriptions that are found in Indus valley excavation are only partially read as no scholar has succeeded so far in completely reading them.

Indians were familier with the art of writing since ages which is very clear from the writings on the coins, inscriptions and copper plates etc. But the historians were not at consensus over the script. Afterwards, it was unanimously accepted as Brahmi Script, each letter of which has the same sound making it easy to understand. It is the most scientific of all the scripts found so far.

In this country various writers and historians adopted different paths leading to the rise of many regional forms of the Brahmi Script thus making it very difficult to understand, during the latter period. Even the great scholars could read manuscripts of only upto the 7th-8th contury A.D. They were unable to read and understand the older ones. When Firuz Tughluk Ordered for bringing the Ashokan Inscriptions of Merrut and Topara to Delhi and Summoned the linguists and scholars to read them, none could do so. The same thing happened during the time of Akbar the great, here also none succeeded in reading them completely.

The efforts of William Jones led to the formation of Asiatic Society of Bengal on 15th January 1784, which greatly helped the scholars in their efforts resulting in the successful reading of the Brahmi alphabets, in the year 1837 A.D. by James Princep the then secretary of Asiatic Society and an officer of Calcutta Mint, thus clearly establishing that the language of Ashokan Inscription is Prakrit written in Brahmi Script and not Sanskrit as thought by earlier scholars and historians.

The Inscriptions found in India belong to the 3rd Century B.C. and are rock inscriptions in which the script is Brahmi and kharoshti. These inscriptions are found all over accross the country which proves that education was well spread by this time.

Brahmi Script was read from left to right like present days Devanagari where as the kharoshti was read from right to left like Urdu. Both of them were the main scripts of the period.

५ भारत की प्राचीनतम लिपि ब्राह्मी

ब्राह्मी लिपि भारत की प्राचीनतम लिपि है इसमें कोई दो राय नहीं है। यह लिपि वास्तव में देवनागरी लिपि का ही प्राचीन रुप है। पूर्व में कुछ युरोपियन विद्वानों ने इसका उल्लेख पाली, जाट आदि लिपि के नाम से किया है परंतु आज यह चहुँ ओर 'ब्राह्मी लिपि' के नाम से जानी जाती है।

प्राचीन भारत में कितनी लिपियाँ प्रचलित थी इनके बारे में अधिक जानकारी उपलब्ध नहीं है। ईसा पूर्व ३ री ४ थी शताब्दी के जैन एवं बौध्द धर्म ग्रंथों के अध्ययन से कुछ जानकारियाँ मिलती ह। जैन ग्रंथ पन्नवणा सत्र एंव समवयाँग सत्र में १८ लिपियों के नाम मिलते है जो इस प्रकार है :-

१) बंभी (ब्राह्मी) २) जवनालिया ३) दोसापुरिया ४) खरोष्टी ५) पुक्खसारिया ६) भोगदुया ७) पहाराइया ८) उयअंतरीक्खिया ९) अक्खरापीट्टिया १०) तेवनादुया ११) गिजहदुया १२) अंकलिवि १३) गणितलिवि १४) गंधव्यलिवि १५) आदंसलिवि १६) माहेसरी १७) दामिली १८) पोलिंदी।

इनमें से केवल ब्राह्मी और खरोष्टी लिपि के ही लेख मिले हैं। इसके क्या कारण हो सकते हैं? ऐसा लगता है कि ब्राम्ही और खरोष्टी लिपियाँ वैज्ञानिक लिपि होने के कारण सर्वमान्य होती गई और बाकी लिपियों का अस्तित्व समाप्त हो गया। कालांतर में ब्राह्मी ही एक मात्र लिपि रह गई जिसे राजमान्यता भी प्राप्त थी।

बौध्द धर्म के संस्कृत भाषा में लिखे ललित विस्तार नामक ग्रंथ में ६४ लिपियों के नाम मिलते है जिसमें पहला नाम ब्राह्मी और दूसरा खरोष्टी लिपि का है। यह ग्रंथ एक बुध्द चरित है परंतु इसका रचना काल स्पष्ट नहीं है। इसका चीनी भाषा में अनुवाद ईसवी सन् ३०८ में हुआ।

चिनी भाषा में बुध्द विश्वकोष ईसवी सन् ६६८ में तैयार किया गया जिसका नाम फा-युआ-चु-लिन है। इसमें अनेक लिपियों और भाषाओं की विस्तृत जानकारी दी गई है जिसमें ब्राह्मी लिपि प्रमुख लिपि है।

इस भाषा की उत्पत्ति के इतिहास की जानकारी प्राप्त करना दुर्लभ है लेकिन इसकी उत्पत्ति भारत वासियों के आविष्कार की देन है। इसे विकसित और समृध्द करने के लिए भारतवासियों ने बहुत परिश्रम किये। श्रृष्टि के निर्माता ब्रह्मा के नाम पर इसे ब्राह्मी लिपि नाम दिया गया।

विभिन्न देशों की वर्णमाला का अध्ययन करने पर ज्ञात होता है कि केवल ब्राह्मी लिपी ही पूर्णरुप से वैज्ञानिक लिपि है। इसे समृध्द बनाने में भारतीयों की प्रतिभा झलकती है। एक आदर्श लिपि में जो गुण होने चाहिए वे सभी गुण इसमें हैं इसलिए यह सर्वोत्कृष्ट लिपि है। इसमें स्वर और व्यंजन पूरे हैं। स्वरों में ऱ्हस्व-दीर्घ के लिए तथा अनुस्वार और विसर्ग के लिए उपयुक्त संकेत हैं। व्यंजनों के साथ स्वरों के संयोग को मात्रा के चिन्हों से प्रगट करने की इसमें ऐसी विशेषता है जो अन्य किसी लिपि में नहीं है। साहित्य और सभ्यता के उत्कर्ष से ही ऐसी लिपियों का विकास संभव है। यह लिपि उस काल की सर्वमान्य लिपि होने के कारण ही इसे राज मान्यता मिली तथा जैन और बौध्द धर्म ग्रंथों की रचना भी इसी में की गई और इसे अन्य लिपियों की तुलना में अग्रक्रम पर रखा गया।

जो भी व्यक्ति पुरातात्विक इतिहास में रुचि हिन्दी रखता हो और उसका अध्ययन करना चाहता है उसके लिए ब्राम्ही लिपि की जानकारी आवश्यक है ताकि उसे इससे विकसित अन्य लिपियों और भाषाओं को समझने में सरलता होगी, ऐसा मेरा विश्वास है। यह लिपि सीखने में आसान है और थोड़ा सा मन लगाकर आप भी अल्प समय में इसे सीख सकते हैं।

ब्राह्मी लिपि के अधिकांश लेख चट्टानों पर उत्कीर्ण हैं जिन्हें शिलालेख कहा जाता है। गुफा की दिवारों पर उत्कीर्ण लेख गुहालेख, धातु के प्लेट पर उत्कीर्ण लेख तांब्र पत्र और मृतिकापट्ट पर पाए जाने वाले लेख सिलिंग कहलाते हैं। ये सभी लेख स्थायी एवं दीर्घ कालिक माने गए हैं इसलिए सभी महत्वपूर्ण आदेश शिलालेखों पर उत्कीर्ण किये गए। वर्तमान काल में भी महत्वपूर्ण शिलान्यास शिला पर ही लिखे जाते हैं ताकि वे दीर्घकाल तक सुरक्षित रहें।

प्राचीन भारतीय इतिहास और संस्कृति को समझने के लिए ब्राह्मी का ज्ञान अत्यावश्यक है। जितना अध्ययन हम करेंगे उतनी ही सरलता इसे समझने में होगी। इतिहास की विलुप्त होती कड़ियों को जोड़ना इसके बगैर संभव नहीं है।

5 Brahmi-the Oldest Script of India

Brahmi is the oldest script of India and there is no second thought to it. It is the older form of Devanagari Script. Earlier some European scholars called it pali, Jat etc. but now it is clearly established as Brahmi Script only.

There is very little information over the types of scripts used during the ancient period in India Some information is gathered from the Jaina and Buddhist literature of the 3rd and 4the century B.C. there is a description of 18 scripts in the Jaina religious literature 'Pannavanna Sutra' and 'Samawayang Sutra' which are-

1) Bambhi (Brahmi) 2) Javannaliya 3) Dosapuriya 4) Kharoshti 5) Pukkhasariya 6) Bhogaduya 7) Paharaiya 8) Uyaantarikkhiya 9) Akkharapittiya 10) Tevanaduya 11) Gijahaduya 12) Ankalivi 13) Ganitalivi 14) Gandhavyalivi 15) Adansalivi 16) Mahesari 17) Damili 18) Polindi, of these, Inscriptions of only Brahmi and Kharoshti are found. What could be the reason for this? One reason could be that they being the scientific scripts both of these were widely accepted and used resulting in the dying out of all other scripts and Brahmi becoming the only acceptable script which was also acknowledged by making it the scripts of court language.

The Buddhist literature 'Lalita Vistara' writen in Sanskrit mentions 64 scripts in which Brahmi and kharoshti are respectively placed at no 1 & 2. This is 'Buddha Charita' but the period of its writing is not known. It was translated into chinese in the year 308 A. D.

The Buddhist Encyclopedia in Chinese, Fa-yua chu-lin, was prepared in the year 668 A.D. which contains reference to many ancient scripts and languages, of which Brahmi is described as the main script of the time.

It is very difficult to find out its origin but it is cerainly the discovery of Indians who made great efforts to enrich it and named it Brahmi after the name of lord Brahma the creator of Universe.

If we go through the languages and scripts found the world over we come to know that 'Brahmi Script' is the only scientific script and it proves the talent of Indians. It is the best script as it contains all the characteristics of an ideal script. It has complete range of vowels and consonants. The vowels have perticular signs for normal, stressed and nassal pronounciations. Its uniqueness lies in its ability to represent the combination of vowels with consonants by different Signs of 'Matras' such a development is only possible with the development of literature and civilization of a very high standard. It being the widely accepted script of the period, also received the court sanction. The Jaina & Buddhist religious literature were written in this language only and it was placed on top in comparison to other scripts found during that period.

I believe that one must possess the knowledge of Brahmi if he has the interest in archaeological history and wants to pursue his study of the field so that he easily understands the other scripts and languages which were developed from it. This script is very easy to learn and you will feel the same when you try to learn it.

Most of the Brahmi Inscriptions are on rocks and are called rock inscriptions. Similarly those found in the caves are cave inscriptions, on metal plates are called copper plates and those on terracottas are called silings. All these are permanent and remain same for ages. Therefore all important orders are found in the form of inscriptions. Even in present times also important stone laying ceremonies are performed writing them on stones to make them permanent.

